p>

Title: Request to government to check the cause behind the crop failure due to weeds and give compensation to farmers who suffer crop loss in Araria.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): सभापति महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे किसान हित में बोलने का अवसर दिया ।

महोदय, हमारा भारत देश कृषि प्रधान देश है । यह किसानों का देश है । मैं अररिया जिला, बिहार से आता हूं, जो नेपाल के बगल में है । किसान खाद, बीज देकर बड़ी महंगी खेती करता है । कभी बाढ़ से उनके फसल की तबाही हो जाती है तो कभी सुखाड़ हो जाता है तो कभी ओलावृष्टि हो जाती है तो कभी चक्रवात आ जाता है । उसी कड़ी में मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी-अभी अररिया में हमारे यहां एक फसल का कीड़ा आया है । उस कीड़े से लगी हुई फसल बर्बाद हो जाती है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि इसकी जांच करवाई जाए कि किसानों की फसल कितनी बर्बाद हुई है । इस तरह के जो कीड़े फैले हैं, वास्तव में उसकी अनेक तकनीकी ढंग से जांच करवाई जाए कि क्यों इस तरह के कीड़े लगते हैं । वहां जो फसल बर्बाद हुई है, उसकी क्षतिपूर्ति किसानों को दी जाए । यही मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा ।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Pradeep Kumar Singh.